आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 24.03.2025 समय : 18.30 पीएम

- राजस्थान स्थापना दिवस समारोह के राज्यव्यापी कार्यक्रम कल से–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बाड़मेर में मातृवंदन महिला सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे।

- राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने स्थानीय जल संचयन पर ज़ोर दिया–टोंक और कोटा में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली।

- विश्व क्षय रोग दिवस के मौके पर प्रदेशभर में जन जागरुकता कार्यक्रम–सक्षम लोगों से निक्षय मित्र बनने की अपील।

- राज्य में कई स्थानों पर गर्मी के तेवर तीखे–पश्चिमी विक्षोभ के असर से कल सरहदी जिलों में तेज़ हवाएं चलने के आसार।

000

राजस्थान स्थापना दिवस इस बार व्यापक रूप से समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। राजधानी जयपुर सहित विभिन्न स्थानों पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम होंगे। कल से 31 मार्च तक इस उपलक्ष में समारोह होंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कल बाडमेर में मातृ वंदन महिला सम्मेलन से इसका शुभारंभ करेंगे। 26 मार्च को बीकानेर में किसान सम्मेलन और एफपीओ कार्यक्रम होगा। वहीं भरतपुर में 27 मार्च को गरीब और अंत्योदय समारोह रखा गया है। 28 मार्च को सुशासन समारोह भीलवाडा में और 29 मार्च को कोटा में युवा और रोजगार उत्सव होगा। राजस्थान दिवस पर 30 मार्च को जयपुर में भव्य समारोह और 31 मार्च को निवेश उत्सव आयोजित किया जाएगा।

राजस्थान दिवस के उपलक्ष में जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में कल से विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू हो रही है। राजस्थानी सिनेमा महोत्सव के साथ इसका शुभारंभ होगा। 30 मार्च तक चलने वाले इस आयोजन के दौरान गीत–संगीत नृत्य और नाटक सहित विभिन्न आयोजन होंगे। वहीं केन्द्र के शिल्पग्राम में कल से क्राफ्ट और फूड बाज़ार लगाया जा रहा है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर में जनसुनवाई की। श्री शर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बताया कि मुख्यमंत्री निवास पर नियमित रूप से होने वाली जनसुनवाई के दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं। श्री शर्मा ने जनता के कल्याण की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए समस्याओं के जल्द और प्रभावी समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिये। बजट में दी गई सौगातों के लिए आमजन ने, मुख्यमंत्री का आभार भी जताया।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जल संरक्षण को लेकर गांव का पानी गांव में और खेत का पानी खेत में संचित रखने पर विशेष जोर दिया है। श्री बागडे ने आज टोंक में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ संवाद कर विकास योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन में हर परिवार को पीने का साफ पानी उपलब्ध करवाया जाए। श्री बागडे ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सुदूर गांवों और ढाणियों में सड़कों की बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, इस काम को प्राथमिकता से निश्चित समय सीमा में पूरा करने को कहा। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और पीएम कुसुम योजना का लाभ लेने के लिए लोगों को प्रेरित करें। इसके बाद राज्यपाल कोटा पहुंचे। उन्होंने वहां भी जिला अधिकारियों के साथ बैठक की।

000

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार ने प्याज पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क समाप्त कर दिया है। आज नई दिल्ली में श्री चौहान ने कहा कि इससे किसानों की उपज बिना शुल्क के वैश्विक बाजारों में पहुंच सकेगी और उन्हें अधिक कीमत मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार किसान हितैषी है और किसानों को लाभदायक मूल्य दिलाना सरकार की प्राथमिकता है।

............

घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पिछले वर्ष 13 सितम्बर से 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क लागू किया गया था। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के अनुमान के अनुसार इस वर्ष रबी उत्पादन दो करोड़ 27 लाख मीट्रिक टन होने की संभावना है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 18 प्रतिशत अधिक है।

000

जेल प्रहरी भर्ती 2018 पेपरलीक मामले में एसआईटी की जांच के बाद आरोपी संदीप को गिरफ्तार किया गया है। एसओजी के अतिरिक्त महानिदेशक वी.के. सिंह ने आज जयपुर में प्रेस वार्ता में ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी ने परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों को पेपर उपलब्ध कराया। श्री सिंह ने बताया कि इस मामले में दो अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है, जिनसे पूछताछ जारी है।

000

टीबी से निपटने के वैश्विक प्रयासों के तहत साल दो हजार से अब तक करीब सात करोड़ नब्बे लाख लोगों की जान बचाई जा चुकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन–डब्ल्यूएचओ ने तपेदिक की घातक संक्रामक बीमारी को खत्म करने की तत्काल जरूरत पर जोर दिया है। एक रिपोर्ट –

000

विश्व क्षय रोग दिवस के मौके पर आज प्रदेशभर में जन जागरुकता गतिविधियां हुईं। इनमें रैली, नुक्कड़ नाटकों और विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से तपेदिक रोग से बचाव का संदेश दिया गया। साथ ही लोगों से निक्षय मित्र बनने की अपील की गई। झुंझुनूं में टीबी मुक्त हुई 144 ग्राम पंचायतों के सरपंचों का सम्मान किया गया। दौसा में टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित किये गये। जिला क्षय अधिकारी ने बताया कि दौसा में 76 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है।

000

नागौर जिले में हाईटेंशन लाइन के टूटे तार की चपेट में आने से तीन युवकों की मृत्यु के मामले में अजमेर डिस्कॉम प्रशासन ने जूनियर इंजीनियर और लाइनमैन को निलंबित कर दिया है।

डिस्कॉम के तकनीकी निदेशक मुकेश चन्द बाल्दी ने बताया कि मृतकों के परिजनों को पांच–पांच लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रकरण की जांच शुरू कर दी गई है। हादसा कल खींवसर के मुंदियाड़ गांव में हुआ, जहां मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों ने टूटे तारों की चपेट में आने से झुलस कर मौके पर ही दम तोड़ दिया।

000

करौली जिले के प्रसिद्ध शक्तिपीठ कैलादेवी मेले की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। हर साल चैत्र महीने में ये मेला भरता है। मुख्य मेला 27 मार्च से शुरू होगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि इससे पहले ही दर्शनार्थियों की बड़ी संख्या में आवक हो रही है।

000

राज्य में कल से पश्चिमी विक्षोभ का असर रहने की संभावना है। इससे पश्चिमी सीमावर्ती क्षेत्रों में तेज हवाएं चल सकती हैं और बादल छाए रहने के आसार हैं। वहीं अगले एक सप्ताह तक मौसम आमतौर पर शुष्क रहेगा। अगले दो दिनों में तापमान में कोई खास बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद उत्तरी हवाओं के प्रभाव से तापमान में दो से तीन डिग्री गिरावट हो सकती है।

इस बीच, आज कई स्थानों पर गर्मी के तेवर तीखे रहे। सवाईमाधोपुर और झालावाड़ में धूप में काफी तेजी रही। बीते 24 घंटों में बाडमेर में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार मापा गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि मार्च महीने में ही गर्मी का असर तेज होने से लोग परेशान हैं।

..............

जैसलमेर में 39 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस, जालौर में 38 दशमलव 8 और जोधपुर में 38 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। भीलवाडा, कोटा, चित्तौडगढ, बीकानेर, चूरू, श्रीगंगानगर, धौलपुर, नागौर, सिरोही, फतेहपुर, दौसा और पाली में भी अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ।

000

डूंगरपुर जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने गर्मी के मौसम को देखते हुए पीने के पानी और बिजली आपूर्ति व्यवस्था के संबंध में आज बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को पीने के पानी की किल्लत वाले क्षेत्रों में विशेष ध्यान देने को कहा। श्री सिंह ने जल जीवन मिशन और अन्य विभागों के कामों की प्रगति की भी समीक्षा की।

000